दैनिक विश्वमित्र
कोलकाता, शुक्रवार २९ अक्टूबर, २०१०

कार रैली में दौड़ेंगी अंबेस्डर कारें

कोलकाता, २८ अक्टूबर (नि.प्र.)। ब्रिटेन स्थित सामाजिक उद्यम ग्लोबल इन्डच्यूरो ने हिंदुस्तान मोटर्स की कार अंबेस्डर का चुनाव दो सप्ताह व्यापी कर्मा इंड्यूरो चैरिटी चैलेंज रैली २०१० के लिए किया है। इसमें दो दर्जन अंबेस्डर कारें भारत के पश्चिमी घाट की पहाड़ी वादियों में स्थित गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल से होकर तकरीबन २००० किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। ये रास्ते पहाड़ी तथा ऊबड़-खाबड़ हैं। १ नवंबर से होने वाली इस रैली के लिए हिंदुस्तान मोटर्स की उत्तरपाड़ा इकाई से अंबेस्डर कारों को रवाना भी कर दिया गया है। इस बारे में हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज झा ने कहा है कि इस विशेष रैली के लिए अंबेसडर कारों के चुनाव ने इन कारों की विश्वस्तरीय विश्वसनीयता, मजबूती एवं हर किस्म की भारतीय सड़कों पर दौड़ने की क्षमता को प्रमाणित किया है। अंबेस्डर कारें भारत को बेहतर तरीके से समझती हैं।